प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

18.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा राज्य सरकार प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढने वाले छात्रों को प्रतिष्ठित पब्लिक स्कूलों के समान आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए कृत संकल्प।
- ऊना जिले के हरोली के बीटन गांव की डॉ. कोमल बीटन को उनके बेहतरीन शोध कार्य के लिए अमरीका में मिसिसिपी राज्य के लिए मनोनीत किया गया यंग एंबेसडर।
- हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग हमीरपुर ने टीजीटी आर्टस के पदों को भरने के लिए कंपयूटर आधारित परीक्षा की तिथि की घोषित।
- राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने कल राज्यसभा के शून्यकाल के दौरान सस्ती हवाई सेवा उडान के तहत हिमाचल प्रदेश की महत्वपूर्ण हवाई सेवाओं के बाधित होने का विषय संदन में उठाया।
- प्रदेश में मौसम ने बदली करवट, आसमान पर छाए हल्के बादल, 19 दिसंबर की रात से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी के आसार।

विश्व स्वास्थ्य संगठन

विश्व स्वास्थ्य संगठन आयुष सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के 100 से अधिक सदस्य देशों के लगभग 25 स्वास्थ्य मंत्री पारंपरिक चिकित्सा पर आयोजित दूसरे वैश्विक शिखर सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सम्मेलन के समापन सत्र में शामिल होंगे। विश्व में पारंपरिक चिकित्सा पद्धति के प्रचार–प्रसार में भारत की भूमिका को रेखांकित करते हुए कोटेचा ने कहा कि भारत ने साझेदार देशों को पारंपरिक चिकित्सा के लिए नियामक ढांचा विकसित करने में विशेषज्ञता प्रदान की है और साथ ही क्षमता निर्माण, शिक्षा तथा अनुसंधान में भी सहयोग दिया है।

हर्ष महाजन

राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने कल राज्यसभा के शून्यकाल के दौरान सस्ती हवाई सेवा उडान के तहत हिमाचल प्रदेश की महत्वपूर्ण हवाई सेवाओं के बाधित होने का विषय संदन में उठाया। उन्होंने कहा कि दिल्ली से शिमला, शिमला से धर्मशाला और शिमला से अमृतसर जैसे अहम रूटों पर हवाई सेवाएं, आपररेटर के अनुबध की अवधि समाप्त होने के कारण बंद हो गई है। उन्होंने कहा कि इससे पर्यटन और व्यापार पर नकारात्मक प्रभाव पड रहा है।

सांसद ने नागरिक उडडयन मंत्री से इस विषय पर तुरंत संज्ञान लेने का आग्रह करते हुए कहा कि नए ऑपरेटर को आमंत्रित किया जाए या मौजूदा ऑपरेटर के साथ उडान समझौता का नवीनीकरण किया जाए ताकि हिमाचल की हवाई सेवाएं जल्द बहाल हो सकें।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढने वाले छात्रों को प्रतिष्ठित पब्लिक स्कूलों केसमान आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए कृत संकल्प है ताकि आम परिवारों के बच्चे अपने आपको किसी से कम न समझें और वे पूरे आत्मविश्वास के साथ जीवन में आगे बढ सके। इसलिए राज्य सरकार प्रदेश के बच्चों के लिए राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल जैसी महत्वाकांक्षी योजना लेकर आई है।

डॉ. कोमल बीटन

ऊना जिले के हरोली उप मण्डल के बीटन गांव की रहने वाली डॉ. कोमल बीटन को माइक्रो बायोलॉजी और इम्यूनोलॉजी के क्षेत्र में उनके बेहतरीन शोध कार्य के लिए अमरीका में मिसिसिपी राज्य के लिए यंग एंबेसडर मनोनीत किया गया है। अगस्त 2021 में, कोमल को अमरिका के मिसिसिपी राज्य में यूनिवर्सिटी ऑफ मिसिसिपी मेडिकल सेंटर में माइक्रो बायोलॉजी और इम्यूनोलॉजी में पीएचडी डिग्री हासिल करने के लिए शत प्रतिशत छात्रवृत्ति मिली, जहाँ डिग्री पूरी करने के बाद वह अपनाशोध कार्य जारी रखे हुए हैं। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने डॉ. कोमल की उपलब्धि की तारीफ करते हुए कहा कि हरोली क्षेत्र की इस लड़की ने अपनी लगन और कड़ी मेहनत से अंतरराष्ट्रीय पहचान हासिल की है जो दूसरों के लिए प्रेरणा है।

चुनाव

हिमाचल प्रदेश सचिवालय सेवाएं कर्मचारी संगठन की बैठक कल संगठन के प्रधान संजीव शर्मा की अध्यक्षता में प्रदेश सचिवालय में हुई। बैठक में संगठन के आगामी चुनावों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई और सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि संगठन के चुनाव 15 जनवरी 2026 को आयोजित किए जाएंगे। बैठक में यह भी तय किया गया कि संगठन की सदस्यता 31 दिसंबर तक ग्रहण की जाएगी।

राज्य चयन आयोग

हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग हमीरपुर ने टीजीटी आर्टस के पदों को भरने के लिए कंपयूटर आधारित परीक्षा की तिथि घोषित कर दी है। यह परीक्षा 12 जनवरी से 16 जनवरी 2026 तक आयोजित की जाएगी। आयोग द्वारा अभ्यार्थियों के लिए आयोग की वैबसाइट पर परीक्षा से एक सप्ताह पहले लिंक का प्रावधान किया जाएगा जिससे अभ्यार्थी अपना रोल नंबर एडमिट कार्ड डाउनलोड कर पाएंगे रोल नंबर व परीक्षा केंद्र की जानकारी मोबाइल फोन पर एस एम एस के माध्यम से भेजी जाएगी।

एडीबी

एशियन डवेल्पमेंट बैंक की टीम हिमाचल प्रदेश राज्य बागवानी विकास परियोजना की प्रगति की समीक्षा के लिए अपने पांच दिवसीय दौरे पर शिमला पहुंची है। ए डी बी की टीम ने कल एचपी शिव परियोजना कार्यालय में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम के दौरान स्वीट ऑरेंज को आधिकारिक रूप से लॉच किया। इस अवसर पर परियोजना निदेशक डा देवेंदर सिंह ठाकुर और उनकी पूरी टीम भी मौजूद थी। देवेंदर ठाकुर ने कहा कि एचपी शिवा परियोजना प्रदेश के बागवानों और किसानों के लिए मील का पत्थर साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि स्वीट ऑरेंज किसानों को उच्च गुणवत्ता वाली पौध सामग्री, बेहतर बाजार पहुंच और आधुनिक तकनीकों से जोडने में सहायक होगा।

संजीव कटवाल

प्रदेश भाजपा महामंत्री संजीव कटवाल ने कहा है कि भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा कैडर आधारित राजनीतिक संगठन है। सुंदरनगर में आयोजित भाजपा व युवा मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी के देशभर में 14 करोड़ से अधिक पंजीकृत सदस्य हैं। संजीव कटवाल ने कहा कि देशभर में भाजपा ने सात सौ 87 पार्टी कार्यालयों के निर्माण का लक्ष्य रखा है ताकि संगठन को मजबूत आधार मिल सके। उन्होंने बताया कि हिमाचल में 16 कार्यालयों पर कार्य प्रगति पर है और शेष 11 कार्यालयों का निर्माण भी शीघ्र पूरा किया जाएगा। संजीव कटवाल ने युवा मोर्चा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से संगठन की रीढ़ बनकर राष्ट्रीय सेवा के अभियान को और गति देने में सहयोग का आह्वान किया।

मौसम

प्रदेश में आज मौसम ने अचानक करवट बदली है। शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज आसमान पर हल्के बादल छाए हुए है जिस से दिन की शुरूआत गुनगुनी धूप के साथ हुई हुई है। मौसम में यह बदलाव प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के दस्तक देने के कारण दर्ज किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार के अनुसार 19 दिसंबर की रात से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी के आसार है। इससे लोगों को काफी हद तक सूखी ठंड से राहत मिलने की उम्मीद है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से

आज सभी समाचार पत्रों ने अलग अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है चार माह में चुकाएंगे पेंशनरों की देनदारियां, 30 दिन में होगा मेडिकल बिलों का भुगतान। दिव्य हिमाचल, हिमाचल दस्तक और पंजाब केसरी का लगभग एक जैसा शीर्षक है 70 साल से ऊपर के पेंशनर्ज को 40 दिन में मिल जाएगा पूरा एरियर। दैनिक भास्कर की सुर्खी है एच आर टी सी के बेडे में शामिल होंगी 297 ई–बसें, सवाल चलाएगा कौन, ड्राइवरों के 732 पद खाली।

आपका फैसला ने मुख्यमंत्री के हवाले से खबर दी है हिमाचल की मदद को लेकर सही आंकडे प्रस्तुत नहीं कर रहे जेपी नडडा।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा राज्य सरकार प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढने वाले छात्रों को प्रतिष्ठित पब्लिक स्कूलों के समान आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए कृत संकल्प।
- ऊना जिले के हरोली के बीटन गांव की डॉ. कोमल बीटन को उनके बेहतरीन शोध कार्य के लिए अमरीका में मिसिसिपी राज्य के लिए मनोनीत किया गया यंग एंबेसडर।
- हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग हमीरपुर ने टीजीटी आर्टस के पदों को भरने के लिए कंपयूटर आधारित परीक्षा की तिथि की घोषित।
- राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने कल राज्यसभा के शून्यकाल के दौरान सस्ती हवाई सेवा उडान के तहत हिमाचल प्रदेश की महत्वपूर्ण हवाई सेवाओं के बाधित होने का विषय संदन में उठाया।
- प्रदेश में मौसम ने बदली करवट, आसमान पर छाए हल्के बादल, 19 दिसंबर की रात से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी के आसार।